बरेली, मंगलवार
16 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO :IV TOP

क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उप्र को देनी होगी पश्चिम बंगाल को मात, एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 8.15 बजे होगा उद्‌घाटन समारोह

# कूच बेहार ट्राफी के रोमांचक मुकाबले में आज भिड़ेंगी उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की टीम

जागरण संवाददाता, बरेली: कूच बेहार ट्राफी के महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल की टीम तैयार है। यूपीसीए के निर्देश पर बीसीए की ओर से आयोजित इस मैच का उद्घाटन भोजीपुरा के एसआरएमएस मैदान में मंगलवार सुबह 8.15 बजे मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी करेंगे। इससे पहले सोमवार को दोनों टीमों ने स्टेडियम में किए अभ्यास के दौरान जमकर पसीना बहाया।

पश्चिम बंगाल के साथ मैच खेलने को तैयार उत्तर प्रदेश का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। टूर्नामेंट में अब तक उत्तर प्रदेश के पास कुल 19 अंक हैं, जबकि अपना अंतिम लीग मैच खेल रही बंगाल की स्थिति उत्तर प्रदेश के मुकाबले अच्छी नहीं है। ऐसे में यह मैच बंगाल के लिए करो या मरो की स्थिति में है।

उत्तर प्रदेश की टीम इस मैच को जीतकर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचना चाहेगी। ऐसे में दोनों टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने मंगलवार को मैदान में उतरेंगी। इस मैच के लिए यूपी की टीम 12 दिसंबर की रात बरेली पहुंच गई थी और इसके खिलाड़ियों ने तीन दिन जमकर अभ्यास किया। बंगाल की टीम 13 दिसंबर की रात बरेली पहुंची और उसे अभ्यास के लिए दो दिन मिले। उत्तर प्रदेश के कोच ध्रुव ने मैच में अपनी टीम की स्थिति को अच्छा बताया।

टीम के सभी खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। बंगाल की टीम ने कोच सौयंशीष लाहिरी ने मैच को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि यह उनका अंतिम लीग मैच है। कोशिश होगी कि सभी खिलाड़ी अच्छा खेलें और मैच जीते। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना और संरक्षक आदित्य मूर्ति के साथ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मैच की तैयारियों का निरीक्षण किया।



जिले के एसआरएमएस स्टेडियम में अभ्यास करते खिलाड़ी • सौ. बीसीए

**उत्तर प्रदेश की टीम** : भव्य गोयल (कप्तान), आयान अकरम, अनमोल नौशाराम, फैफ रहमान, भावी शर्मा, कार्तिकेय सिंह (विकेटकीपर), राहुल, दक्ष चंदेल, के कृष्णा, यश पंवार, रवि सैनी, यशु प्रधान, युवराज, मोहम्मद अर्मान, शिवांशु स्यान।

**पश्चिम बंगाल की टीम** : चंद्रहास दाश (कप्तान), आदित्य राय, अत्मजा मंडल, स्वपन पाल, आशुतोष कुमार, अगस्त्य शुक्ला, अभिप्राय विश्वास (विकेट कीपर), सचिन यादव, रोहित, रोहित कुमार दास, शिवम भारती, कुशल गुप्ता, विराट चौहान, राजदीप पासवान।